कार्यालय प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय
गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

पत्रांकः एस.पी.ओ./ई–टे/2018–19/773 दिनांक– 12 फरवरी, 2019

कार्यालय ज्ञाप

प्रायः देखा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनानुसार ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से अधिप्राप्तियों हेतु एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर त्रुटियुक्त निविदा दस्तावेज (Notice Inviting Tender, Technical Bid Document एवं Bill of Quantity) अपलोड किए जाने के कारण निविदाओं के तुलनात्मक अध्ययन में कठिनाईयाँ आती है।

अतः उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए मांगकर्ता/निविदा आमंत्रक प्राधिकारी निविदा दस्तावेजों का, अपलोड करने से पहले, ध्यानपूर्वक गहनता से परीक्षण कर लें तथा जहाँ तक सम्भव हो अनावश्यक नियम व शर्तों को न जोड़ते हुए मानक निविदा प्रपत्र का ही प्रयोग किया जाये। अपलोड किए जाने के पश्चात् निविदा दस्तावेजों में किसी भी त्रुटि के कारण अधिप्राप्ति में आने वाली विधिक कठिनाईयों हेतु मांगकर्ता/निविदा आमंत्रक प्राधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगा। सम्बन्धित प्रकरण पर नोडल ऑफिसर, ई–निविदा प्रकोष्ठ अथवा भण्डार क्रय कार्यालय किसी भी दशा में उत्तरदायी नहीं होगा। अपलोड किए गये निविदा प्रपत्रों की एक हस्ताक्षरित प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Balyan
12.2.19
प्रभारी अधिकारी,
भण्डार क्रय/ई–निविदा प्रकोष्ठ

प्रतिलिपिः

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/विभागाध्यक्ष/इकाई प्रभारी।
2. वित्त नियंत्रक।
3. अध्यक्ष, केन्द्रीय क्रय समिति।
4. निदेशक, विधि।
5. कुलपति जी के विशेष कार्याधिकारी को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।